

समग्रा शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

कक्षा - 10

हिंदी (आलोक)

अध्याय – 2

छोटा जादूगर

(जयशंकर प्रसाद (1889-1937))

भाग – 3


पल्लवी कलिता

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

5. सम्यक उत्तर दो (लगभग 100 शब्दों में) :

(क) बाबू जयशंकर प्रसाद की साहित्यिक देन का उल्लेख करो।



समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

5. सम्यक उत्तर दो (लगभग 100 शब्दों में) :

(क) बाबू जयशंकर प्रसाद की साहित्यिक देन का उल्लेख करो।

उत्तर : छायावादी काव्यधारा के प्रतिनिधि कवि के रूप में प्रतिष्ठित जयशंकर प्रसाद जी मूलतः भारतीय संस्कृति से जुड़े हुए थे। उनकी काव्य रचनाएँ भारतीय साहित्य के अमूल्य देन माना जाता है।

उर्वशी, वनमिलन, प्रेमराज्य, अयोध्या का उद्धार, शोकोच्छवास, बभ्रुवाहन, काननकुसुम, प्रेमपथिक,

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

करुणालय, महाराणा का महत्व, झरना, आँसू (खंडकाव्य), लहर और कामायनी (महाकाव्य) उनके द्वारा विरचित नाटक हैं-सज्जन कल्याणी-परिणय, प्रायश्चित, राज्यश्री, अजातशत्रु, जनमेजय का नागयज्ञ, कामना, स्कंदगुप्त, एक घूँट, चंद्रगुप्त और ध्रुवस्वामिनी । प्रसाद जी के तीन उपन्यास है- कंकाल, तितली और इरावती । छाया, प्रतिध्वनि, आकाशदीप, आधी, इन्द्रजाल उनके कहानी संग्रह हैं। उन्होंने अपने समकालीन सामाजिक व्यवस्था, अन्याय, शोषण जैसे प्रतिवादी भावों का भी अभिव्यक्ति किया ।

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

(ख) छोटे जादूगर के मधुर व्यवहार एवं स्वाभिमान पर प्रकाश डालो।



समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

(ख) छोटे जादूगर के मधुर व्यवहार एवं स्वाभिमान पर प्रकाश डालो।

उत्तर : प्रसाद जी के 'छोटा जादूगर' पाठ में एक तेरह चौदह साल के लड़के के मधुर व्यवहार एवं स्वाभिमान को सुन्दर रूप में प्रस्तुत किया गया है। कार्निवल के मैदान में जब बिजली-जगमगाते रहे थे, उस समय एक साधारण बालक अपने गंभीर भाव और धैर्य के साथ एक कोने में चुपचाप खड़ा था।

श्रीमान जी के कुछ पूछने पर उसने जितनी मधुर व्यवहार से उत्तर दिया, ऐसी व्यवहार उस उम्र वालों में आशा नहीं किया जा सकता। जैसे परदे में जाने के बारे में पूछने पर अत्यंत साधारण से जवाब दिया टिकट लगता है।

अपने माँ-बाप के परिचय के बारे में भी बड़े स्वाभिमान से उत्तर दिया। उसने कहा कि उसके बाप जेल में है; लेकिन देश के लिए ही जेल में गया, चोरी के लिए नहीं। इसलिए वह बड़ा गर्व करते है इस बात पर।

जब श्रीमान ने उसे लड़का कहकर बुलाया, तब उसने बोला कि उसे छोटा जादूगर नाम से बुलाए । इस तरह देखा जाता है कि वह कितना स्वाभिमानी था ।



(ग) छोटे जादूगर की चतुराई और कार्य-कुशलता का वर्णन करो।



समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca Foundation

(ग) छोटे जादूगर की चतुराई और कार्य-कुशलता का वर्णन करो।

उत्तर : छोटे जादूगर की चतुराई और कार्यकुशलता भी पाठ में प्रसाद जी ने बड़ी सुन्दरता से उपस्थापित किया है । श्रीमान जी ने लड़के को जब बारह टिकट खरीद कर दिया, उससे बारह खिलौने पर निशाना लगाकर गिरा दिया और बटोर लिया। वास्तव में वह एक पक्का निशानेबाज था। अपनी चतुराई से श्रीमानजी को आकर्षित किया । उन्हीं खिलौनों को लेकर कलकत्ते के बोटानिकल उद्यान में खेल दिखाकर सभी को अपनी कुशलता से आकर्षित किया । मानो ऐसा है कि लड़के के हाथों से सभी खिलौने सजीव हो उठे ।

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

इस प्रकार से हमें छोटे जादूगर के कार्य कुशलता का परिचय मिलता है।



(घ) छोटे जादूगर के देश-प्रेम और मातृ-भक्ति का परिचय दो।



समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

(घ) छोटे जादूगर के देश-प्रेम और मातृ-भक्ति का परिचय दो।

उत्तर : छोटा जादूगर प्रसाद जी की एक ऐसी मनोरम कहानी है, जिसमें आर्थिक विपन्नता और प्रतिकूल परिस्थितियों से संघर्ष करते हुए तेरह - चौदह साल के एक लड़के के चरित्र को आदर्शात्मक रूप में उभारा गया है। परिस्थिति की माँग से एक बालक किस प्रकार अपने पाँवों पर खड़ा हो जाता है, उसका यहाँ हृदयग्राही चित्रण हुआ है ।

जब श्रीमान ने छोटे जादूगर से उसके माता-पिता के बारे में पूछा तो उसने जवाब दिया कि उसके पिता देश के लिए जेल में हैं और उसकी माँ बीमार हैं । वह भी जेल जाना चाहता था;

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca Foundation

लेकिन अपनी माँ की देख-भाल करने के लिए वह रुक गया। वह खेल दिखाकर कुछ पैसा कमाकर अपनी माँ को पथ्य देने के साथ ही अपना पेट भी भरना चाहता था। इस तरह छोटे जादूगर के देश-प्रेम और मातृ-भक्ति का परिचय मिलता है।



समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

(ङ) छोटे जादूगर की कहानी से तुम्हें कौन-सी प्रेरणा मिलती है ?

उत्तर : छोटे जादूगर की कहानी से हमें प्रेरणा मिलती है कि जीवन में आर्थिक विपन्नता और प्रतिकूल परिस्थितियों में भी कभी हार नहीं मानना चाहिए । उसका सामना करके अपने को प्रतिष्ठित करना चाहिए । परिश्रम से ही हम सफल बनते हैं । लड़का ही इसका उदाहरण है। छोटे जादूगर के रूप में प्रस्तुत बालक के मधुर व्यवहार, चतुराई, क्रिया-कौशल, स्वाभिमान और मातृ-भक्ति से पाठक का मन सहज ही द्रवीभूत हो उठता है।

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

6. सप्रसंग व्याख्या करो :

(क) "मैं उसकी ओर न जाने क्यों आकर्षित हुआ। उसके अभाव में भी संपूर्णता थी।"

उत्तर :

प्रसंग : प्रस्तुत अवतरण जयशंकर प्रसाद जी द्वारा रचित 'छोटा जादूगर' पाठ से लिया गया है। यहाँ लेखक प्रसाद जी ने छोटे जादूगर के प्रति श्रीमानजी किस प्रकार आकर्षित हुए, इसका उल्लेख किया है।

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

व्याख्या : श्रीमान जी ने कार्निवल के मैदान में मेला देखते समय एक तेरह-चौदह साल के लड़के को छोटे फुहारे के पास चुपचाप खड़ा देखा । देखने में गरीब तथा आँखों में उज्ज्वल गंभीर भावों के साथ उसके चेहरे पर धैर्य का स्पष्ट निशान था। देखने में ही पता चलता है कि वह सम्पूर्ण अभावी था।

लेकिन लड़के के व्यवहार ने श्रीमानजी को आकर्षित किया । उसके अभाव में भी सम्पूर्णता थी ।

(ख) "श्रीमती की वाणी में वह माँ की सी मिठास थी, जिसके सामने किसी भी लड़के को रोका नहीं जा सकता।"

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

(ख) "श्रीमती की वाणी में वह माँ की सी मिठास थी, जिसके सामने किसी भी लड़के को रोका नहीं जा सकता।"

उत्तर :

प्रसंग : प्रस्तुत अवतरण जयशंकर प्रसाद जी द्वारा रचित 'छोटा जादूगर' पाठ से लिया गया है। यहाँ लेखक प्रसाद जी ने श्रीमती जी की प्यार भरी कथन से लड़का किस प्रकार खेल दिखाने के लिए प्रस्तुत हो गया, इसका वर्णन किया है।

व्याख्या : एक दिन श्रीमान अपनी पत्नी तथा दोस्तों के साथ बोटानिकल उद्यान में जलपान कर रहा था। इतने में वही छोटा जादूगर पहुँच गया वहाँ पर। लड़के ने बाबूजी को खेल दिखाना चाहा; लेकिन उन्होंने मना किया, क्योंकि उस समय वे जलपान कर रहे थे। उसी समय श्रीमतीजी ने बड़े प्यार से लड़के को खेल दिखाने को कहा। श्रीमती के कहने पर लड़का बड़ा प्रफुल्लित हो उठा। मानों ऐसा लगा कि उसकी माँ ने उसको प्यार भरी आवाज से कहा हो । श्रीमती जी ने इतनी मिठास से कहा था कि उस आदेश को कोई भी मना नहीं कर पाएगा ।

भाषा एवं व्याकरण-ज्ञान

1. सरल, मिश्र और संयुक्त वाक्यों को पहचानो :

(क) कार्निवल के मैदान में बिजली जगमगा रही थी।

भाषा एवं व्याकरण-ज्ञान

1. सरल, मिश्र और संयुक्त वाक्यों को पहचानो :

(क) कार्निवल के मैदान में बिजली जगमगा रही थी।

उत्तरः- सरल वाक्य

(ख) माँजी बीमार है, इसलिए मैं नहीं गया।



(ख) माँजी बीमार है, इसलिए मैं नहीं गया।

उत्तरः- संयुक्त वाक्य



(ग) मैं घूमकर पान की दुकान पर आ गया।



(ग) मैं घूमकर पान की दुकान पर आ गया।

उत्तरः- सरल वाक्य



(घ) माँ ने कहा है कि आज तुरंत चले आना।



(घ) माँ ने कहा है कि आज तुरंत चले आना।

उत्तरः- मिश्र वाक्य




(ङ) मैं भी पीछे था, किंतु स्त्री के मुँह से 'बे...' निकलकर रह गया।



(ङ) मैं भी पीछे था, किंतु स्त्री के मुँह से 'बे...' निकलकर रह गया।

उत्तरः- संयुक्त वाक्य



समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

2. अर्थ लिखकर निम्नांकित मुहावरों का वाक्य में प्रयोग करो :

नौ दो ग्यारह होना



2. अर्थ लिखकर निम्नांकित मुहावरों का वाक्य में प्रयोग करो :

नौ दो ग्यारह होना

उत्तरः- (भाग जाना) पुलिस को देखकर चोर नौ दो ग्यारह हो गया

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

आँखें बदल जाना



समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

आँखें बदल जाना



उत्तरः- (धीरे- धीरे दूर होना) अपने बेटे की सच्चाई जानकर पिता ने अपनी आँखें बदल ली ।

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

घड़ी समीप होना



घड़ी समीप होना

उत्तरः- (अंतिम समय) रोहन के दादी की अंतिम घड़ी समीप आ गई है ।



दंग रह जाना




समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

दंग रह जाना

उत्तरः- (हैरान रह जाना) एक साधारण छात्र के मेडिकल परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सभी दंग रह गए ।



समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

श्रीगणेश होना



समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

श्रीगणेश होना

उत्तरः- (शुभारम्भ करना) दिवाली के दिन ही रीमा ने अपने नए दुकान का श्रीगणेश किया ।



समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

अपने पाँवों पर खड़ा होना



समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

अपने पाँवों पर खड़ा होना

उत्तरः- (आत्मनिर्भर होना) . पढ़ाई पूरी करने के बाद हर युवा अपने पाँवों पर खड़ा होना चाहता है ।



अपने पाँव पर कुल्हाड़ी मारना



समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

अपने पाँव पर कुल्हाड़ी मारना

उत्तरः- (अपना नुकसान स्वयं करना) परीक्षा के समय पढ़ाई न करके सीमा ने अपने पाँव पर कुल्हाड़ी मार लिया।



समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

3. निम्नलिखित शब्दों के लिंग परिवर्तन करो :



रस्सी →

जादूगर →

श्रीमान →

गुड़िया →

वर →

स्त्री →


नायक →

माली →

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

3. निम्नलिखित शब्दों के लिंग परिवर्तन करो :



रस्सी	→	रस्सा
जादूगर	→	जादूगरनी
श्रीमान	→	श्रीमती
गुड़िया	→	गुड्डा
वर	→	वधू
स्त्री	→	पुरुष
नायक	→	नायिका
माली	→	मालिन

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

4. निम्नांकित शब्दों के लिंग निर्धारित करो —



रुकावट →

हँसी →

शरबत →

वाणी →

भीड़ →

तिरस्कार →

निशाना →

झील →

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

4. निम्नांकित शब्दों के लिंग निर्धारित करो —



रुकावट → स्त्री लिंग

हँसी → स्त्री लिंग

शरबत → पुलिंग

वाणी → स्त्री लिंग

भीड़ → स्त्री लिंग

तिरस्कार → पुलिंग

निशाना → पुलिंग

झील → स्त्री लिंग

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

5. निम्नलिखित शब्दों के वचन परिवर्तन करो :



खिलौना →

आँख →

दुकान →

छात्रा →

बिल्ली →

साधु →

कहानी →

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

5. निम्नलिखित शब्दों के वचन परिवर्तन करो :



खिलौना	→	खिलौने
आँख	→	आँखें
दुकान	→	दुकानें
छात्रा	→	छात्राएँ
बिल्ली	→	बिल्लियाँ
साधु	→	साधुगण
कहानी	→	कहानियाँ